राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), द्वारा आयोजित

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

प्रैक्टिस पेपर

11

भाग : (अ)
सामान्य हिन्दी

1. निम्न में से किस विकल्प के शब्द का संधि कार्य असंगत है?
(1) कर्क + अन्धु = कर्कन्धु (2) मनस् + ईषा = मनीषा
(3) पतत् + अंजलि = पतंजलि (4) नदी + अम्बु = नद्याम्बु

2. 'इत्यादि' का सन्धि-विच्छेद कीजिए-
(1) इत+आदि (2) इति + आदि
(3) इत्य + आदि (4) कोई नहीं

3. निम्नलिखित में से 'सम्पूर्ण' शब्द में निहित उपसर्ग है?
(1) सम्पू (2) सम्
(3) स (4) सम्प

4. 'पौरुषेय' में युक्त प्रत्यय है-
(1) य (2) औ
(3) इय (4) एय

5. Choose the most appropriate English word for the given word:
दुरुत्साहन
(1) Abetment (2) Abatement
(3) Abolishment (4) Apartment

6. 'Compensatory' का हिन्दी में प्रयोग किस अर्थ में होता है?
(1) पूर्ण (2) क्षतिपूरक
(3) अर्जित (4) आकस्मिक

7. विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश नियमों में संशोधन की सूचना सम्बद्ध महाविद्यालयों को किस रूप में भेजी जायेगी?
(1) अधिसूचना द्वारा (2) कार्यालय आदेश द्वारा
(3) परिपत्र द्वारा (4) अर्ध-शासकीय पत्र द्वारा

8. एक ही पत्र जब एक साथ कई प्रेषितियों को भेजा जाता है, तो उसे कहते हैं?
(1) ज्ञापन (2) विज्ञप्ति
(3) परिपत्र (4) अधिसूचना

9. निम्नलिखित में से शुद्ध वक्य का चयन कीजिए-
(1) शेर को देखकर उसके प्राण सूख गए।
(2) शेर को देखकर उसका प्राण सूख गया।
(3) शेर को देखे से उसके प्राण सूखा गया।
(4) शेर को देखकर उसका प्राण सूख गया।

10. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य है-
(1) दिल्ली में चार गिरफ्तारियाँ हुई।
(2) सुधा ने एक पुस्तक खरीदा।
(3) राधा ने शाम का भोजन बनाया।
(4) गुरु ने शिष्य को आज्ञा दी।

11. ''क्षत्रिय'' शब्द में कौनसा प्रत्यय जुड़ा है?
(1) इय (2) क्ष
(3) य (4) क्षत्रि

12. तत्सम-तद्भव से संबंधित कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है?
(1) श्यामलक > सियार (2) उपल > ओला
(3) प्रस्तर > पत्थर (4) क्षेत्र > खेत

13. निम्नलिखित में देशज शब्द हैं?
(1) चूल्हा (2) कड़ाह
(3) आग (4) ठेठ

14. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

सूची-I (समास)	सूची-II (विशेषता)
(A) अव्ययीभाव समास	(i) जिस समास में दोनों खंड प्रधान न हो।
(B) तत्पुरुष समास	(ii) जिस समास का उत्तर खंड प्रधान
(C) द्वंद्व समास	(iii) जिस समास के दोनों खंड प्रधान
(D) बहुव्रीहि समास	(iv) जिस समास का पूर्व खंड प्रधान

कूट:-

	(A)	(B)	(C)	(D)
(1)	ii	iii	i	iv
(2)	iii	iv	i	ii
(3)	iv	ii	iii	i
(4)	i	iv	iii	ii

15. 'नैसर्गिक' का विलोम है-
(1) सवाक् (2) कृत्रिम
(3) सरस (4) प्राकृतिक

16. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द चुनें-
(1) दाधीची (2) दधिची
(3) दाधिची (4) दधीचि

17. निम्नलिखित में सभी शुद्ध शब्दों की पहचान कीजिए-
(A) उज्जवल (B) आशीर्वाद
(C) अंतर्द्वंद्व (D) संन्यासी
(E) सुभासीष
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-
(1) A, C और E (2) A, B और C
(3) B, C और E (4) B, C और D

18. 'चक्षु से जो श्रवण कार्य करता है' का सामासिक पद होगा-
(1) चक्षुश्रवा (2) चक्षुश्र
(3) चंद्रा (4) चक्षोश्रु

19. 'तत्पुरुष' समास के भेद है-
(A) इतरेतर (B) संप्रदान
(C) अपादान (D) समाहार
(E) अधिकरण
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-
(1) B, C और E (2) A, B और C
(3) B, D और E (4) A, D और E

20. 'चाल' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है?
(1) समूहवाचक (2) व्यक्तिवाचक
(3) जातिवाचक (4) भाववाचक

21. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा है-
(1) दूरी (2) मीठा
(3) बूढ़ा (4) अपना

22. किस समूह में सभी सर्वनाम प्रश्नवाचक हैं?
(1) कौन, क्या, किसने (2) जो, कोई, वह
(3) जिनका, जो, किनका (4) जिन्होंने, उनपर, उसको

23. किस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम है?
(1) अयोध्या जाने के लिए किससे कहूँ?
(2) शर्माजी का घर यह नहीं, वह है।
(3) इस घड़ी को देखो, यह कितनी उपयोगी है।
(4) तेते पाँव पसारिये, जेती लांबी सौर।

24. संज्ञा से निर्मित विशेषण है?
(1) अगला (2) दैनिक
(3) आपसी (4) टिकाऊ

25. व्याकरण की दृष्टि से गलत कथन है?
(1) संज्ञा की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।
(2) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।
(3) क्रिया के प्रमुख रूप से दो भेद माने गये हैं— 1. सकर्मक और 2. अकर्मक
(4) सर्वनाम और क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया विशेषण कहलाते हैं।

26. किस वाक्य में 'संयुक्त क्रिया' का प्रयोग नहीं हुआ है?
(1) बादलों के कारण चाँद नहीं दिखाई दिया।
(2) लुटेरों ने पूरे क्षेत्र को लूट लिया।
(3) मैं नहाकर कार्यालय जाऊँगा।
(4) वह सारा खाना खा गया।

27. निम्नलिखित में से 'मान' शब्द के सर्वाधिक उपयुक्त अनेकार्थक शब्द समूह का चयन कीजिए-
(1) ठीक, जिसमें मिलावट न हो
(2) इज्जत, अभिमान, नाप-तौल
(3) जल, इज्जत, चमक
(4) जल, प्राण, जीवित

28. अनेकार्थी 'खग' का प्रयोग निम्नलिखित में से किस अर्थ में होता है?
(1) पक्ष (2) घोड़ा
(3) वृक्ष (4) बाण

29. वाक्यांश के लिए शब्द के संबंध में असंगत विकल्प चुनिए-
(1) रात का मध्य भाग - निशीथ
(2) दावे को पूरा करने वाला - दावानल
(3) भली प्रकार से सीखा हुआ - अभ्यस्त
(4) देखने की इच्छा - दिदृक्षा

30. 'चिराग तले अंधेरा' लोकोक्ति का अभिप्राय है?
(1) गुण अधिक अवगुण कम होना
(2) बल ज्यादा, बुद्धि कम होना
(3) स्वयं की बुराई न दिखाई देना
(4) दीप तले रोशनी ज्यादा होना

भाग : (ब)
सामान्य अंग्रेजी

31. The girl was full of _____ (admire) for the generosity she was shown.
(1) admirating (2) admiration
(3) admirability (4) admire

32. **Pick out the headword and also select what the underlined word stands for.**
No such diseases were known <u>then</u>.
(1) Diseases; Preposition
(2) No such diseases; Adjective
(3) Diseases; adverb
(4) No such diseases; Noun

33. **Complete the following sentence by choosing the correct tense form from the given options:**
He gave the picture to me because he ___ me.
(1) has trust (2) will trusted
(3) trusted (4) trusting

34. **We expect good news.(Passive Voice)**
(1) Good news is expected.
(2) Good news should be expected.
(3) Good news must be expected.
(4) Good news was expected.

35. **Choose the correct option.**
Tell Mr. Smith to wait here.
(change into passive voice)
(1) Mr. Smith should be told to wait there.
(2) Mr. Smith should be asked to wait here.
(3) Let Mr. Smith be told to wait there.
(4) Let Mr. Smith be told to wait here.

36. **She said, "You may need my help." (Change into Indirect Narration)**
(1) She told that I may need my help.
(2) She told me that I must need her help.
(3) She said me that I might need help.
(4) She told me (that) I might need her help.

37. **How _____ time did you spend on your homework?**
(1) many (2) much
(3) most (4) some

38. **Don't write your name on ..... page of the booklet.**
(1) many (2) few
(3) both (4) every

39. **I shall never forget you.**
(Transform into Affirmative)
(1) Remember you, I will.
(2) You shall be remembered always.
(3) I shall always remember you.
(4) Shall I ever remember you ?

40. **We should lead a life from fear.**
(1) हमें भयभीत होकर नहीं जीना चाहिए।
(2) हम स्वयं को भयमुक्त रखें।
(3) हम जीवन को भय से मुक्त रखे।
(4) हमें भयमुक्त जीवन जीना चाहिए।

41. **Everybody enjoys equal rights in India.**
(1) भारत में सब लोगों को समान अधिकार प्राप्त हैं।
(2) भारत में सब लोग समान अधिकार का आनन्द लेते हैं।
(3) समान अधिकार भारत के लोगों का आनन्द हैं।
(4) भारत में सब लोगों को अधिकार प्राप्त हैं।

42. **''विक्रय पत्र'' - (Translate into English)**
(1) sell letter (2) sale deed
(3) purchase (4) lease agreement

43. **"Adhoc" - (Translate into Hindi)**
(1) तदर्थ (2) कार्य व्यवस्थार्त
(3) अनुबंधित (4) प्रतिनियुक्ति

44. **कौनसा पारिभाषिक शब्द सही नहीं है-**
(1) Objective - वस्तुपरक (2) Acceleration - त्वरण
(3) Access - आधिक्य (4) Diversion - विषयान्तर

45. **Why waste time in waiting for the rains? (Change into assertive)**
(1) It is not wise in waiting for the rains.
(2) It is foolish to waste time in waiting for the rains.
(3) It is wise to waste time in waiting for the rains.
(4) It shall never be wise to waste time.

भाग : (स)
सामान्य ज्ञान

46. **राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा की लम्बाई है?**
(1) 5920 किमी. (2) 5091 किमी.
(3) 5290 किमी. (4) 5090 किमी.

47. **महान सीमा भ्रंश —— में से नहीं गुजरता है?**
(1) कोटा (2) उदयपुर
(3) सवाई माधोपुर (4) धौलपुर

48. **निम्न में से किस जिले को राजस्थान में सर्वाधिक वार्षिक वर्षा प्राप्त होती है?**
(1) कोटा (2) सिरोही
(3) बीकानेर (4) प्रतापगढ़

49. राजस्थान के किस भाग में 'एण्टीसोल्स' मृदा पायी जाती हैं?
(1) पश्चिमी (2) दक्षिणी
(3) दक्षिण-पूर्वी (4) पूर्वी

50. निम्न में से कौनसी नदियाँ कच्छ के रण में गिरती हैं-
(1) पश्चिमी बनास और लूनी (2) माही और पश्चिमी बनास
(3) साबरमती और लूनी (4) माही और लूनी

51. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए-

सूची-I (जिला)	सूची-II (झील)
(a) अजमेर	(i) फॉय सागर
(b) डूँगरपुर	(ii) गैब सागर
(c) जोधपुर	(iii) प्रताप सागर
(d) जैसलमेर	(iv) बुझ झील

कूट:-
(1) a-(iv), b-(iii), c-(i), d-(ii)
(2) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)
(3) a-(iii), b-(iv), c-(ii), d-(i)
(4) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv)

52. जिला एवं परियोजना के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
(A) चित्तौड़गढ़ - राणा प्रताप सागर
(B) अजमेर - बीसलपुर परियोजना
(C) उदयपुर - मानसी बाकल परियोजना
(D) प्रतापगढ़ - जाखम परियोजना
(1) (A), (C), (D) (2) (A), (B), (C)
(3) (B), (C), (D) (4) (A), (B), (D)

53. सूची- I का सूची- II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-

सूची-I (पशु मेला)	सूची-II (स्थान)
(A) वीर- तेजाजी	(i) बाड़मेर
(B) शिवरात्रि	(ii) भरतपुर
(C) चन्द्रभागा	(iii) परबतसर
(D) मल्लीनाथ	(iv) झालरापाटन

कूट:-

	(A)	(B)	(C)	(D)
(1)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(2)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(3)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(4)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

54. 'खस की घास मुख्य रूप से राजस्थान में पाई जाती हैं?
(1) भरतपुर और टोंक वन विभाग में
(2) पश्चिमी राजस्थान में
(3) दक्षिण-पूर्वी राजस्थान [हाड़ौती] में
(4) आबू पर्वत क्षेत्र में

55. जयपुर मेट्रो रेल प्रणाली भारत की —— प्रणाली है?
(1) छठी (2) सातवीं
(3) आठवीं (4) पाँचवीं

56. नीचे दिए गए कथनों में से वे कथन चुनिए जो राजस्थान के संदर्भ में सही नहीं है-
A. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का 10.4% है।
B. राजस्थान की साक्षरता 52.12% है।
C. राजस्थान में प्रति 1000 पुरुषों की तुलना में 928 महिलाएँ हैं।
D. गलौटी कबाब और गाठिया राजस्थान के प्रसिद्ध व्यंजन हैं।
E. ब्रिटिश राज में राजस्थान का पुराना नाम राजपूताना था।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए-
(1) केवल A, B और D (2) केवल A और D
(3) केवल B, C और E (4) केवल B और D

57. निम्नांकित में से कौनसे जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार एस.टी. का न्यूनतम लिंगानुपात मिलता है?
(1) करौली (2) जैसलमेर
(3) हनुमानगढ़ (4) बीकानेर

58. 1835 ई. में अंग्रेजों ने जोधपुर लीजियन का गठन किया, जिसका केन्द्र —— रखा गया?
(1) नसीराबाद (2) ऐरिनपुरा
(3) खैरवाड़ा (4) नीमच

59. 1857 के विद्रोह के समय राजस्थान का A.G.G. कौन था?
(1) जॉर्ज पैट्रिक लॉरेन्स (2) कर्नल होम्स
(3) मिस्टर बर्टन (4) सैडलर कॉटम

60. झालावाड़ राज्य की स्थापना कब हुई?
(1) 1836 ई. (2) 1838 ई.
(3) 1842 ई. (4) 1844 ई.

61. निम्न में से किसे, भू-दान और कूप-दान कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण भारत सरकार ने 1956 में, पद्म विभूषण से सम्मानित किया?
(1) रतन शास्त्री (2) अंजना देवी चौधरी
(3) जानकी देवी बजाज (4) नारायणी देवी वर्मा

62. निम्नलिखित में से कौन 1946 में भारत की संविधान निर्मात्री सभा में राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किये गये थे?

(1) विजयसिंह पथिक (2) जीवराज नारायण मेहता
(3) हीरालाल शास्त्री (4) मोहनलाल सुखाड़िया

63. छेला बावजी और ग्यारस की रैवाडी राजस्थान की किस जनजाति के प्रमुख मेले है?
(1) सांसी (2) कंजर
(3) सहरिया (4) डामोर

64. रणथम्भौर का प्रसिद्ध मेला आयोजित होता है–
(1) श्रावण शुक्ल चतुर्दशी (2) कार्तिक शुक्ल चतुर्थी
(3) भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी (4) आश्विन शुक्ल चतुर्थी

65. पाबूजी और डूँगरजी के भोपे का वाद्ययंत्र है?
(1) मोरचंग (2) अलगोजा
(3) खड़ताल (4) रावणहत्था

66. जयपुर घराने का प्रसिद्ध नृत्य कौनसा है?
(1) कथकली (2) आडिसी
(3) भरतनाट्यम (4) कथक

67. तेरहताली नृत्य किस देवता को समर्पित है?
(1) रामदेव जी (2) जम्भोजी
(3) गोगाजी (4) तेजाजी

68. गणगौर पर्व के दौरान गाए जाने वाले गीत में 'गिन्दोली' का नाम प्रयुक्त होता है। यह 'गिन्दोली' कौन थीं?
(1) बहादुर शाह की पुत्री
(2) मालाणी के शासक, मल्लिनाथ की पुत्री
(3) अहमदाबाद के सूबेदार, महमूद बेग की पुत्री
(4) राव सातल की पुत्री

69. 'ब्लू पॉटरी' की प्रसिद्ध कला इससे पूर्व किस नाम से जानी जाती थी?
(1) नीलगिरि (2) जामदानी
(3) कामचीनी (4) मृण्यम

70. 'जडूला' एक प्रमुख संस्कार है, इसे कहते हैं-
(1) जातकर्म (2) निष्क्रमण
(3) चूड़ाकर्म (4) समावर्त्तन

71. उदयशाही, अमरशाही, खंजरशाही, विजयशाही व शाहजशनी क्या है?
(1) राजस्थान की बोलियाँ (2) राजस्थानी पगड़ियों की शैली
(3) सिक्कों के प्रकार (4) राजस्थान के आभूषण

72. 'टड्डा' आभूषण पहना जाता है?
(1) बाजू में (2) गले में
(3) सिर में (4) कमर में

73. 'वागड़ी बोली रो मुख्य खेतर है?
(1) कोटा-झालावाड़ (2) अजमेर-टोंक
(3) डूँगरपुर-बाँसवाड़ा (4) राजसमंद-भीलवाड़ा

74. 'लाँगुरिया' लोकगीत है?
(1) भक्ति गीत (2) विवाह गीत
(3) होली गीत (4) प्रेम गीत

75. सदाशिव भट्ट का पाकशास्त्र पर लिखित ग्रंथ 'राज विनोद' किस राज्य से संबंधित है?
(1) मेवाड़ (2) मारवाड़
(3) आमेर (4) बीकानेर

76. निम्नलिखित में से सुमेलित युग्म है?
(1) नथमल की हवेली - जोधपुर
(2) फलवर्धिका देवी मंदिर - माउंट आबू
(3) चन्द्रमहल - जयपुर
(4) मालकोट दुर्ग - हनुमानगढ़

77. अनावृष्टि जनित अकाल को राजस्थान में क्या मान जाता है?
(1) स्थायी पाहुना (2) छपन्ना
(3) दुर्भिक्ष (4) दुष्काल

78. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख सकता हैं?
(1) अनुच्छेद 202 (2) अनुच्छेद 200
(3) अनुच्छेद 201 (4) अनुच्छेद 169

79. राजस्थान में कितने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं?
(1) तीन (2) चार
(3) पाँच (4) छः

80. राजस्थान विधानसभा के पहले उपाध्यक्ष थे?
(1) निरंजन नाथ आचार्य (2) लालसिंह शक्तावत
(3) नारायण सिंह मसूदा (4) पूनम चंद विश्नोई

81. राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवचरण माथुर किस राजनीतिक दल से संबंधित थे?
(1) भारतीय जनता पार्टी (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(3) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (4) भारतीय जन संघ

82. जो बाइनरी भाषा कम्प्युटर समझता है उसमें होते है?
(1) 2 प्रतीक (symbols) 0 और 1
(2) 8 प्रतीक (symbols) 0-7
(3) 16 प्रतीक (symbols) 0-9 और A to F
(4) इनमें से कोई नहीं

83. राजस्थान के 33 नगरों को कितने प्रशासनिक मण्डलों में बाँटा गया है?
(1) 5 (2) 6
(3) 7 (4) 8

84. जिला कलेक्टर किस सेवा का सदस्य होता है?
(1) भारतीय राजस्व सेवा (2) राज्य सिविल सेवा
(3) भारतीय प्रशासनिक सेवा (4) भारतीय पुलिस सेवा

85. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद पंचायतों की शक्तियाँ, अधिकार और जिम्मेदारियों से संबंधित है?
(1) 243 (A) (2) 356 (B)
(3) 357 (4) 243 (G)

86. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
(1) 243 S - वार्ड समितियों का गठन व संरचना
(2) 243 ZE - महानगर योजना समिति का गठन
(3) 243 ZC - जिला योजना समिति का गठन
(4) 243R - नगरपालिकाओं की संरचना का उल्लेख

87. Arial ..... है-
(1) फॉण्ट साइज (2) फॉण्ट स्टाइल
(3) फॉण्ट एलाइनमेंट (4) कोई नहीं

88. एनीमिया रोग किसकी कमी से होता है?
(1) आयरन (2) इन्सुलिन
(3) वसा (4) प्रोटीन

89. निम्न में से कौनसा जल-जनित रोग है?
(1) चेचक (2) मलेरिया
(3) हैजा (4) तपेदिक

90. बी.सी.जी. वैक्सिन किससे प्रतिरक्षा के लिए दिया जाता है?
(1) हैपेटाइटिस (2) पीलिया
(3) यक्ष्मा (4) मलेरिया

91. धुएँ के पार देखने पर वस्तुएँ हिलती हुई दिखाई देने का कारण है?
(1) अपवर्तन (2) परावर्तन
(3) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन (4) प्रकीर्णन

92. धातु जो ठंडे पानी से अभिक्रिया नहीं करती है?
(1) पोटैशियम (2) मैग्नीशियम
(3) सोडियम (4) सीजियम

93. डिजिटल सिस्टम में सबसे छोटा यूनिट कौनसा है?
(1) बाइट (2) वर्ड
(3) कैरेक्टर (4) बिट

94. निम्न फाइलों में से कौनसी फाइल वर्ड प्रोसेसर के उपयोग से बनती है?
(1) वर्क शीट (work sheet)
(2) डाटाबेस (Data base)
(3) डोक्यूमेंट (Document)
(4) प्रेजेंटेशन (Presentation)

95. एम एस वर्ड 2007 की फाइलों के लिए फाइलों के नाम का एक्सटैन्शन....होता है?
(1) .gif (2) .txt
(3) .docx (4) .exe

भाग : (द)
गणित

96. यदि 155 सेमी ऊँचाई वाले लड़के के स्थान पर दूसरा लड़का आ जाता है तो 10 छात्रों के दल की औसत ऊँचाई 3 मिमी घट जाती हैं तो नये लड़के की ऊंचाई ज्ञात करो?
(1) 145 सेमी. (2) 150 सेमी.
(3) 152 सेमी. (4) 140 सेमी

97. 25 लड़कों की औसत आयु 30 वर्ष हैं पाँच लड़कों के सम्मिलित हो जाने पर औसत उम्र 32 वर्ष हो जाती है। नये लड़कों की औसत उम्र क्या है?
(1) 42 (2) 50
(3) 48 (4) 75

98. 300 ग्राम चीनी के घोल में 40 प्रतिशत चीनी है। इसमें कितने ग्राम चीनी मिलाई जाये कि नये घोल में 50 प्रतिशत चीनी हो?
(1) 60 ग्राम (2) 75 ग्राम
(3) 55 ग्राम (4) 62 ग्राम

99. किसी वस्तु पर कितना प्रतिशत बढ़ाकर अंकित किया जाय 20% कमीशन देने के पश्चात भी 16% लाभ कमायाजा सके?
(1) 50% (2) 30%
(3) 45% (4) 32%

100. किसी कारीगर ने एक सोफा सेट बनाया जिस पर 4800 रु. लागत अई उसने 15% लाभ से एक दुकानदार को बेच दिया। दुकानदार उसे किसी ग्राहक को कितने में बचे कि उसे 10% लाभ हो?
(1) 5000 रु. (2) 6072 रु.
(3) 6000 रु. (4) 4008 रु.

101. एक व्यापारी ने अपने माल का आधा 10% की हानि से बेचा। शेष को कितने प्रतिशत लाभ से बेचे कि कुल सौदे में 10% का लाभ हो-

(1) 30% (2) 40%
(3) 25% (4) 35%

102. यदि दीवार की चुनाई 5 मजदूर 30 दिन में करते हैं तो बताओ उसी दीवार की चुनाई 10 दिन में करने के लिए कितने मजदूरों की आवश्यकता होती-

(1) 30 (2) 25
(3) 15 (4) 20

103. यदि $\frac{x}{5} = \frac{y}{8}$ तो $(x + 5) : (y + 8)$ बराबर है-

(1) 5 : 3 (2) 13 : 8
(3) 8 : 3 (4) 5 : 8

104. मीरा ने 4500 रु. लगाकर एक व्यापार प्रारम्भ किया। कुछ समय पश्चात दिव्या भी 2700 रु. लगाकर व्यापार में साझेदार हो गयी यदि वर्ष के अन्त में लाभ 5 : 2 के अनुपात में बाँटा गया हो तो बताओ दिव्या व्यापार में कब साझेदार हुई-

(1) 8 माह बाद (2) 4 माह बाद
(3) 6 माह बाद (4) 2 माह बाद

105. 9 अगस्त 2006 से 31 अक्टुबर 2006 तक का 1820 रु. पर 7½ वार्षिक दर से साधारण ब्याज कितना होगा?

(1) 29.30 रु (2) 28.30 रु
(3) 27.30 रु (4) 32.30 रु

106. 1500 रुपये का $1\frac{1}{4}$ वर्ष का 16% की दर से चक्रवृद्धि ब्याज होगा जबकि ब्याज वार्षिक संयोजित होता हो–

(1) 310 रु. (2) 309.60 रु.
(3) 409.60 रु. (4) 510 रु.

107. 608, 544; 638, 783 तथा 425, 476 का म. स. प. क्रमशः होगा?

(1) 32, 17, 29 (2) 32, 19, 29
(3) 19, 32, 39 (4) 32, 29, 17

108. 3 पुरुष और दो महिलाएं एक काम को 15 दिन में कर सकते हैं। 2 पुरुष और 3 महिलाएं उसी काम को 18 दिन में कर सकते हैं। एक पुरुष और एक महिला को उस काम को करने में कितने दिन लगेंगे?

(1) $20\frac{10}{11}$ (2) $30\frac{10}{11}$
(3) $40\frac{10}{11}$ (4) $45\frac{10}{11}$

109. भगवान सहाय जयपुर से अलवर के मध्य की 150 किमी दूरी कार से 3 घण्टा 20 मिनट में तय करता है। तथा वापस जयपुर 4 घण्टे 10 मिनट में पहुंचता है। पूरी यात्रा में उस की औसत चाल कितनी है?

(1) 80 किमी/घण्टा (2) 40 किमी/घण्टा
(3) 30 किमी/घण्टा (4) 60 किमी/घण्टा

110. 48 किमी. प्रति घण्टा की चाल से एक रेलगाड़ी किसी निश्चित दूरी को 50 मिनट में तय कर लेती है। यह दूरी 40 मिनट में तय करने के लिए रेलगाड़ी की चाल क्या होगी?

(1) 50 किमी/घण्टा (2) 55 किमी/घण्टा
(3) 60 किमी/घण्टा (4) 70 किमी/घण्टा

111. अपनी वास्तविक चाल की $\frac{3}{4}$ चाल से चलकर एक व्यक्ति अपने गंतव्य स्थान पर नियत समय से 20 मिनट देरी से पहुंचता है। इस दूरी को तय करने में वास्तविक समय कितना लगता हैं?

(1) 60 मिनट (2) 40 मिनट
(3) 47 मिनट (4) 57 मिनट

112. 64 तथा 81 का मध्यनुपाती होगा ?

(1) 64 (2) 60
(3) 72 (4) 81

113. मीना तथा मीना के पति की आयु का अनुपात 4 : 3 है तथा उनकी आयु का योग 28 वर्ष है। 8 वर्ष बाद इनकी आयु का अनुपात क्या होगा?

(1) 4 : 3 (2) 6 : 5
(3) 7 : 4 (4) 12 : 11

114. दूध और पानी किस अनुपात में मिलाया जाये कि विलयन को क्रय मूल्य पर बेचने पर $33\frac{1}{3}\%$ लाभ हों।

(1) 3 : 1 (2) 1 : 3
(3) 2 : 3 (4) 3 : 2

115. 3 + 3 + 3 + 3 + 3 ÷ = ?

(1) 4 : 3 (2) 3 : 4
(3) 2 : 1 (4) 1 : 2

निर्देशः यहाँ दिया गया पाई चार्ट एक परिवार के घरेलु व्यय को प्रतिशत से निरुपित करता है। पाई-चार्ट का अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या 116 से 120 तक के उत्तर दीजिए, जबकि परिवार की कुल मासिक आय 33650 है।



A : भोजन का व्यय
B : घर के किराए पर व्यय
C : मनोरंजन पर व्यय
D : बच्चों की शिक्षा तथा देख-भाल पर व्यय
E : स्वास्थ्य एवं विविध व्यय
F : भविष्य निधि के यप में बचत

116. घर पर प्रतिमाह किराया है?
(1) 6000 रुपये (2) 6152 रुपये
(3) 6057 रुपये (4) 6048 रुपये

117. भविष्य निधि के रूप में बचत कटौती और घर के किरायें की राशि के भुगतान के बाद परिवार की सकल मासिक आय बचती है?
(1) 23545 रुपये (2) 24435 रुपये
(3) 23555 रुपये (4) 25355 रुपये

118. भविष्य निधि के रूप में वार्षिक बचत होगी?
(1) 48456 रुपये (2) 48540 रुपये
(3) 44856 रुपये (4) 45480 रुपये

119 परिवार द्वारा भोजन और मनोरंजन पर कुल मिलाकर प्रतिमाह व्यय की जाने वाली धनराशि है?
(1) 11432 रुपये (2) 11441 रुपये
(3) 12315 रुपये (4) 12443 रुपये

120. यदि परिवार में बच्चे ना होते तो भविष्य निधि को सम्मिलित करके प्रतिमाह की बचत की राशि क्या होती?
(1) 12667.50 रुपये (2) 12625.50 रुपये
(3) 11727.50 रुपये (4) 11777.50 रुपये

व्याख्यात्मक सहित हल

भाग : (अ) सामान्य हिन्दी

1. **(4) व्याख्याः-** नदी+अम्बु = नद्यम्बु

2. **(2) व्याख्याः-** 'इत्यादि' शब्द का सही सन्धि विच्छेद होगा - इति + आदि (यण्)
नियम :- जब इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो इ, ई का य्, उ/उ का व् और ऋ का र् हो जाता है। अतः यहाँ इ के बाद आ है। इति + आदि
इत् + य् + आदि = इत्यादि।

3. (2) 4. (4) 5. (1) 6. (2) 7. (3)
8. (3) 9. (1) 10. (2) 11. (1) 12. (1)
13. (4) 14. (3) 15. (2) 16. (4) 17. (4)
18. (1) 19. (1) 20. (4) 21. (1) 22. (1)
23. (4)

24. **(2) व्याख्याः-** 'अगला' = 'आगे' क्रिया विशेषण से निर्मित
'दैनिक' = दिन (संज्ञा) + इक (प्रत्यय)
'आपसी' = 'आपस' अव्यय शब्द से निर्मित
'टिकाऊ' = 'टिकना' क्रिया शब्द से निर्मित

25. (4)

26. **व्याख्याः-(3)**
(1) मुख्य क्रिया = 'दिखाना', सहायक क्रिया = 'दिया'
(2) मुख्य क्रिया = 'लूटना', सहायक क्रिया = 'लिया'
(3) इसमें पूर्वकालिक क्रिया उपस्थित हैं।
(4) मुख्य क्रिया = 'खाना', सहायक क्रिया = 'गया'

27. (2) 28. (4) 29. (2) 30. (3)

भाग : (ब) सामान्य अंग्रेजी

31. **(2) Exp. :** इस वाक्य में admiration (प्रशंसा) शब्द का प्रयोग उचित है। यहाँ admiration शब्द एक noun (संज्ञा) की तरह प्रयोग हुआ है।

32. (3)

33. **(3) Exp. :** यहाँ main clause में Past Indefinite Tense है अतः दूसरे clause में भी V2 का प्रयोग होगा।

34. **(1) Exp.:** दिया गया sentence Present Indefinite Tense का है। अतः Passive बनाते समय is/ am/ are + V3 का प्रयोग होगा, अतः विकल्प (1) सही है।

35. (4) **Exp.:** दिया गया Active Voice का Sentence Imperative है, जिसका passive हमेशा Let से बनता है तथा H.V. के रूप में be का प्रयोग किया जाता है।

36. (4) **Exp.:-** R.V. में Past tense है, इसलिए R.S. के tense में may को might करेंगे।

37. (2) **Exp.:-** यहाँ How much time से तात्पर्य है कितना समय जबकि How Many time का अर्थ होता है कितनी बार।

38. (4) **Exp.:-** Each निश्चित संख्या और Every अनिश्चित संख्या के लिए 'हर एक' या 'प्रत्येक' के अर्थ में प्रयोग होता है। Each हमारा ध्यान समूह के प्रत्येक वस्तु की ओर अलग-अलग (Individually) ले जाता है और Every सारे समाज (Whole a lot) की ओर ले जाता है।

39. (3) **Exp. :** यहाँ negative से affirmative में sentence को transform करना है। यदि negative sentence में never हो तो उसे always कर देंगे तथा मूल शब्द को opposite अर्थात् forget से remember कर देंगे।

40. (4) 41. (1) 42. (2) 43. (1) 44. (3)
45. (2)

भाग : (स) सामान्य ज्ञान

46. (1) **व्याख्या:-** राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा **5920 किमी.** है, जिसमें अन्तर्राज्यीय सीमा की लम्बाई **4850** किमी. तथा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की **लम्बाई 1070 किमी.** है।

47. (2) 48. (4)

49. (1)

व्याख्या:- रंग - हल्का पीला, भूरा

- एन्टीसोल एक ऐसा मृदा वर्ग है जिसके अंतर्गत भिन्न प्रकार की जलवायु में स्थित मृदाओं का समावेश होता है। भिन्न-भिन्न जलवायु दशाओं के कारण इस मृदा का निर्माण हुआ है।
- इस प्रकार की मृदा **पश्चिमी राजस्थान** के लगभग सभी जिलों में पाई जाती है।

50. (1) 51. (4) 52. (1) 53. (1)

54. (1) **व्याख्या:- खस** एक सुंगधित घास है, जिससे शरबत तथा इत्र बनाया जाता है। इस घास से परदे [टाटियाँ] बनाये जाते हैं।
- कमरों को खुशबूदार एवं ठण्डा रखने के लिए खस का उपयोग किया जाता है।
- खस उत्पादन के प्रमुख क्षेत्र- सवाई माधोपुर, टोंक, भरतपुर
- **नोट:- बुर-** यह मरू क्षेत्र (मुख्यत: बीकानेर) में पायी जाने वाली सबसे सुगंधित घास, इससे भी इत्र बनाया जाता है।

55. (1) 56. (4) 57. (1) 58. (2) 59. (1)
60. (2) 61. (3) 62. (3) 63. (4) 64. (3)
65. (4) 66. (4) 67. (1) 68. (3) 69. (3)
70. (3)

71. (2) **व्याख्या: मेवाड़ की पगड़ी-** अमरशाही, उदयशाही, अरसीशाही, भीमशाही, स्वरूपशाही, चूंडावतशाही, मांडपशाही, हम्मीरशाही
मारवाड़ की पगड़ी- जसवंत शाही, लालिमशाही, विजयशाही, खंजरशाही, शिवशाही, शाहिजहांनी, खरमा/खन्ना

72. (1) 73. (3) 74. (1) 75. (4) 76. (3)
77. (3) 78. (2) 79. (2) 80. (2) 81. (2)
82. (1) 83. (3) 84. (3) 85. (4) 86. (3)
87. (2) 88. (1) 89. (3) 90. (3)

91. (1) **व्याख्या:-** जब प्रकाश की कोई किरण एक माध्यम से दूसरे माध्यम में प्रवेश करती है। तो वह अपने मार्ग से विचलित हो जाती है। इस घटना को प्रकाश का अपवर्तन कहा जाता है। अपवर्तन के कारण ही धुएँ में वस्तु हिलती हुई दिखाई देती है।

92. (2) **व्याख्या :** धातुएँ जल के साथ अभिक्रिया करके धातु ऑक्साइड व हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करती है।
- पोटेशियम व सोडियम धातुएँ ठंडे जल के साथ तेजी से अभिक्रिया करती है। कैल्शियम की जल के साथ अभिक्रिया धीमी होती है।

93. (4) 94. (3) 95. (3)

भाग : (द) गणित

96. **व्याख्या :** (3)

∴ 1 सेमी = 10 मिमी.

अत: नये छात्र (लड़के) की ऊंचाई = छोड़ने वाले की ऊंचाई – (ऊंचाई में कुल कमी)

$= 155 - (0.3 \times 10) = 155 - 3 = 152$ सेमी.

97. **व्याख्या :** (1) 25 लड़कों की कुल आयु $= 30 \times 25 = 750$ वर्ष

30 लड़कों की कुल आयु $= 30 \times 32 = 960$ वर्ष

नये 5 लड़कों की आयु $= 960 - 750 = 210$ वर्ष

अत: नये लड़कों की औसत आयु $= \frac{210}{5} = 42$ वर्ष

98. **व्याख्या :** (1) 300 ग्राम चीनी में 40% चीनी

अत: 300 का 40%

$\Rightarrow 300 \times \frac{40}{100} = 120$ ग्राम

अब पानी की मात्रा $300 - 120 = 180$ ग्राम

50% चीनी करने हेतु चीनी की मात्रा भी 180 ग्राम होनी चाहिये अर्थात अब 180 – 120 = 60 ग्राम चीनी मिलानी होगी।

99. व्याख्या : (3) माना अंकित मूल्य = x रुपये तथा क्रयमूल्य = 100 रु.

अतः $x \times \frac{100-20}{100} = 100 \times \frac{116}{100}$

$\Rightarrow \frac{80x}{100} = 116$

$\Rightarrow \frac{4x}{5} = 116$

$\Rightarrow$ x = 145 रुपये

क्रयमूल्य से बढ़ाकर किया गया अंकित मूल्य = 145 रुपये

$\therefore$ प्रतिशत वृद्धि क्रय मूल्य = 145 – 100 = 45%

100. व्याख्या : (2) दुकानदार द्वारा सौदे का विक्रय मूल्य

$= 4800 \times \frac{115}{100} \times \frac{110}{100} = 6072$ रुपये

101. व्याख्या : (1) माना वस्तु का क्रयमूल्य = x रुपये तथा आधा माल y% लाभ पर बेचा

प्रश्नानुसार

$\Rightarrow \frac{x}{2} \times \frac{90}{100} + \frac{x}{2} \times \frac{100+y}{100} = x \times \frac{110}{100}$

$\Rightarrow \frac{90x}{2} + \frac{x(100+y)}{2} = 110x$

$\Rightarrow 90x + 100x + xy = 220x$

$\Rightarrow xy = 30x$

$\Rightarrow y = 30\%$

102. व्याख्या : (3) सूत्र– $M_1 D_1 = M_2 D_2$

$\Rightarrow 5 \times 30 = x \times 10$

$\Rightarrow$ x = 15 आदमी

103. व्याख्या : (4)

$\frac{x}{5} = \frac{y}{8}$

$\Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{5}{8}$

अतः $\frac{x+5}{y+8} = \frac{5+5}{8+8} = \frac{10}{16} = \frac{5}{8}$

104. व्याख्या : (2) मीरा दिव्या

4500×12 2700×(x माना)

$\Rightarrow \frac{4500 \times 12}{2700 \times x} = \frac{5}{2} \Rightarrow 5x = 40$

$\Rightarrow$ x = 8 माह

अतः दिव्या व्यापार में साझेदार हुई = 12 – 8 = 4 माह बाद

105. व्याख्या : (3) 9 अगस्त 2006 से 31 अक्टूबर 2006 तक समय

$= 23 + 30 + 20 = 73$ दिन $= \frac{73}{365} = \frac{1}{5}$ वर्ष = 27.30 रु.

106. व्याख्या: (2) चक्रवृद्धि ब्याज $= 1500 \times \frac{116}{100} \times \frac{104}{100} - 1500$

= 1809.68 – 1500 = 309.68 रुपये

107. व्याख्या: (4)

544) 608 (1
544
64) 544 (8
512
32) 64 (
64
×

638) 783 (1
638
145) 638 (4
580
58) 145 (2
116
29) 58 (2
58
×

425) 476 (1
425
51) 425 (8
408
17) 51 (3
51
×

अतः अभीष्ट म. स. प. क्रमशः 32, 29, 17 **Ans.**

108. व्याख्याः- (3) 3 पुरुष + 2 महिला का एक दिन का काम $= \frac{1}{15}$

$3m + 2W = \frac{1}{15}$ ... (1)

इसीप्रकार

$2m + 3W = \frac{1}{18}$ ... (2)

समी. (1) × 2 – समी. (2) × 3

$\Rightarrow 6M + 4W = \frac{2}{15}$

$6M + 9W = \frac{3}{18}$

$-5W = \frac{2}{15} - \frac{3}{18} = \frac{12-15}{90} = -\frac{3}{90}$

$\Rightarrow -5W = -\frac{3}{90}$

$\Rightarrow 1W = \frac{1}{30 \times 5} = \frac{1}{150}$

समी. (1) में रखने पर

$3M + 2 \times \frac{1}{150} = \frac{1}{15}$

$\Rightarrow 3M = \frac{1}{15} - \frac{1}{75} = \frac{5-1}{75} = \frac{4}{75} = \frac{4}{75}$

$\Rightarrow 1M = \frac{4}{225}$

अतः 1 आदमी + 1 औरत

$= \frac{1}{150} + \frac{4}{225} = \frac{3+8}{450} = \frac{11}{450} = \frac{11}{450}$

$\therefore$ 1 आदमी व 1 औरत एक काम को $\frac{450}{11}$ दिन में करेगें।

$\Rightarrow 40\frac{10}{11}$ दिन

109. व्याख्याः- (2) कुल यात्रा की दूरी = 150 × 2 = 300 किमी.

कुल समय = 3.20 + 4.10 = 7 घण्टे 30 मिनट

औसत चाल = दूरी/समय

$= \frac{300}{\frac{15}{2}} = \frac{300 \times 2}{15} = 40$ किमी./घण्टा

अतः भगवान सहाय की सम्पूर्ण यात्रा में औसत चाल 40 किमी. घण्टा

110. व्याख्याः- (3) दूरी = चाल × समय

$\Rightarrow 50 \times 48 = 40 \times x$

$\Rightarrow x = 60$ किमी./घण्टा

अतः निश्चित दूरी 40 मिनट में तय करने हेतु रेलगाड़ी की चाल 60 किमी./घण्टा होनी चाहिए।

111. व्याख्याः- (1) वास्तविक समय = $\frac{at}{a \text{ व } b \text{ काअन्तर}}$

$= \frac{3 \times 20}{1} = 60$ मिनट

112. व्याख्या : (3) माना 64 : x :: x : 81

$\therefore x^2 = 64 \times 81$ या $x = \sqrt{64 \times 81}$

$x = \sqrt{5184}$ या $x = 72$

113. व्याख्या : (2) माना मीना की आयु = 4 x,

पति की आयु = 3 x 4 x + 3 x = 28 = x = 4

मीना की आयु = 16 वर्ष, पति की आयु = 12 वर्ष।

8 वर्ष बाद इनकी आयु का अनुपात

= (16 + 8) : (12 + 8) = 24 : 20 = 6 : 5

114. व्याख्या : (4)

दूध	:	पानी
100	:	x%
$\Rightarrow$ 100	:	$\frac{100}{3}$
$\Rightarrow$ 300	:	100 = 3 : 1

115. व्याख्या : (4) 3 + 3 + 3 + 3 + 3 ÷ = ?

$\Rightarrow 3 + 3 + 3 + 3 \times \frac{1}{3} = ?$

$\Rightarrow 3 + 3 + 3 + 1 = ?$

$\Rightarrow ? = 10$

116. व्याख्या : (3) परिवार की कुल मासिक आय = 33650

$\Rightarrow 25x + 18x + 13x + 12x + 23x + 9x = 33650$

$100x = 33650$

$x = \frac{33650}{100}$

घर का किराया B = $18x = \frac{33650 \times 18}{10} = 6057$

117. व्याख्या : (3) भविष्य निधि तथा किराये के बाद की सकल बचत

$= 100x - 12x - 18x$

$= 70x = 70 \times \frac{33650}{100} = 23555$ रुपये

118. व्याख्या : (1) भविष्य निधि पर मासिक बचत = 12x

$= 12 \times \frac{33650}{100} = 4038$ रु.

भविष्य निधि पर वार्षिक बचत = 4038 × 12 = 48456 रु.

119. व्याख्या : (2) भोजन और मनोरंजन पर किया जाने वाला खर्च = A + C

$= 25x + 9x = 34x$

$= \frac{34 \times 33650}{100} = 11441$ रुपये

120. व्याख्या : (4) बच्चे को हटाकर, तथा भविष्य निधि को सम्मिलित कर कुल बचत

$= 23x \ 12x = 35$

$= 35 \times \frac{33650}{100} = 11777.5$ रुपये

□□□